# प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

**5 Days MCTP : "Mid–Career Training Programme for RPS Officers Who Have Completed 08 Years Of Service"**

दिनांक 27-05-2024 से 31-05-2024

## राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।




राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 27-05-2024 से 31-05-2024 तक "Mid – Career Training Programme for RPS Officers Who Have Completed 15 Years of Service" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कान्फ्रेन्स हॉल न0 1 में आयोजित किया गया। उक्त कोर्स हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री पी रामजी आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में प्रबुद्व वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों / युनिटों से 34 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 09:30-10:00 AM तक प्रतिभागियों का पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। उक्त कोर्स का उद्‌घाटन श्रीमान् हेमन्त प्रियदर्शी, डीजीपी एससीआरबी, साइबर अपराध और तकनीकी सेवा, राजस्थान जयपुर द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को सम्बोधित कर MCTP कोर्स की आवश्यकता और अवधारणा पर प्रकाश डाला। इस दौरान श्री पी रामजी, निदेशक आरपीए भी मौजुद रहे।

प्रथम दिन के द्वितीय सत्र में निदेशक आरपीए एवं श्री धनपत राज, सहायक निदेशक इण्डोर आरपीए, जयपुर ने प्रतिभागियों का अनुभव साझा किये। तृतीय सत्र में श्री गोविंद पारीक, मीडिया विशेषज्ञ जनसंपर्क (सेवानिवृत) ने मीडिया-भूमिकाए और प्रबंधन-संचार कौशल विषय पर रोल प्ले के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। चतुर्थ सत्र में श्री विक्रम सहगल आईजी सीआरपीएफ, निदेशक, सीआरपीएफ अकादमी, शिवपुरी, एमपी ने आंतरिक सुरक्षा, अपराध खुफिया जानकारी और सीमा प्रबंधन विषय पर विस्तार से बताया।

द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री हेमन्त प्रियदर्शी, डीजीपी.एससीआरबी, साइबर अपराध और तकनीकी सेवा, राजस्थान जयपुर ने न्यायलयों में मुकदमां: कमियां, बयान देने की कला और पुलिस में व्यावसायिकता की जांच में आ रही कमियों पर विस्तार से व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री विश्वास भरद्वाज, एडी एफएसएल ने अपराध स्थल पर प्रबंधन और डिजिटल साक्ष्य को संभालने और अदालतों में ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत करने का एसओपी विषय पर अपना व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने नए आपराधिक कानून विषय पर विस्तार से बताया। चतुर्थ सत्र में श्री प्रदीप मोहन शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अति. निदेशक आरपीए, जयपुर ने पुलिस में मानव संसाधन प्रबंधन और कल्याण व्यवहार संबंधी पहलूओं एवं योजनाओं पर विस्तार से बताया।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री जी. एल. शर्मा आई जी (सेवानिवृत) ने नागरिक केंद्रित पुलिसिंग, सर्वोत्तम प्रथाएं सेवा वितरण आदि पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में डॉ. ऋचा रोहतगी ने राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्विद्यालय, दिल्ली ने आधुनिक दस्तावेज जालसाजी तकनीक और पहचान विषय पर विस्तार से बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री शरत कविराज, पुलिस महानिरीक्षक, एससीआरबी, ने पुलिस में सीसीटीएनएस और कम्प्यूटरीकरण पुलिस में प्रौद्योगिकी का उपयोग (व्यावहारिक व क्रियाशील) पर व्याख्यान दिया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री आर एस शर्मा एडी एफएसएल (सेवानिवृत) ने यौन उत्पीड़न मामलों की फोरेंसिक न्यायशास्त्र और वैज्ञानिक जांच विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्रीमती बिनीता ठाकुर, एडीजीपी, पुलिस आवास, राजस्थान, जयपुर ने आपराधिक न्याय प्रणाली में इंटर एजेंसी समन्वय विषय पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री देशमुख पेरिश उप महानिरीक्षक पुलिस एसओजी राजस्थान जयपुर ने आर्थिक अपराधों की जांच और ऐसे मामलों में अपराध से प्राप्त आय का पता लगाना आदि पर व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में डॉ. सुनील शर्मा, एसएमएस अस्पताल, जयपुर ने मानसिक स्वास्थ्य, अनदेखी चुनौती, साइकोमेट्रिक विश्लेषण और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर व्याख्यान दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पंचम दिन के प्रथम सत्र में डॉ. साहिल त्रिवेदी ने नेतृत्व और टीम निर्माण विषय पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में श्री विजय कुमार सिंह एडीजीपी, एटीएस एवं एसओजी, ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित जीवन यातायात प्रबंधन पर चर्चा की। तृतीय सत्र में श्री ध्रुव दहिया, संयुक्त निदेशक, इंटेलिजेंस ब्यूरो, दिल्ली ने उभरते साइबर अपराध और उनका पर्यवेक्षण ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी और क्रिप्टो मुद्राएं केस स्टडीज, टेरर फंडिंग के बारे में व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में डॉ. संजय पुरोहित ने आहारः कसरत और जीवन शैली पर प्रतिभागियों से चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कान्फ्रेन्स हॉल न0 01 में किया गया। कोर्स का समापन में श्री विजय कुमार सिंह एडीजीपी, एटीएस एवं एसओजी ने कोर्स से सम्बन्धित चर्चा की एवं चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन सत्र के अन्त में श्री प्रदीप मोहन शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अति. निदेशक आरपीए, जयपुर द्वारा श्री विजय कुमार सिंह एडीजीपी, एटीएस एवं एसओजी एवं श्रीमान निदेशक महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया। ततपश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक